अभ्यास : प्रश्न तथा उनके उत्तर

■ **आओ याद करें :**

1. मध्यकाल में मंदिर निर्माण की कितनी शैलियाँ मौजूद थीं ?
(क) चार (ख) पाँच
(ग) तीन (घ) दो

2. बिहार में नागर शैली में बने मंदिरों का सबसे अच्छा उदाहरण कौन-सा है ?
(क) महाबोधि मंदिर (ख) देव का सूर्य मंदिर
(ग) पटना का महावीर मंदिर
(घ) गया का विष्णु मंदिर

3. मुसलमानों द्वारा बिहार में बनाई गई सबसे महत्त्वपूर्ण इमारत कौन है ?
(क) मलिकबया का मकबरा
(ख) बेगु हजाम की मस्जिद
(ग) तेलहाड़ा की मस्जिद (घ) मनेर की दरगाह

4. मुगलकालीन स्थापत्य कला अपने चरम पर कब पहुँचा ?
(क) अकबर के काल में (ख) जहाँगीर के काल में
(ग) शाहजहाँ के काल में (घ) औरंगजेब के काल में

5. शाहजहाँ ने लाल किला का निर्माण दिल्ली में किस वर्ष करवाया ?
(क) 1638 (ख) 1648
(ग) 1636 (घ) 1650

उत्तर– 1. (ग), **2.** (क), **3.** (घ), **4.** (ग), **5.** (क) ।

■ **आओ याद करें :**

सही और गलत की पहचान करें :

(i) उत्तर भारत में मंदिर निर्माण की द्राविड़ शैली प्रचलित थी ।
(ii) कोणार्क का सूर्य मंदिर बंगाल में स्थित है ।
(iii) मुगलकालीन वास्तुकला अकबर के शासन काल में अपने चरम विकास पर पहुँचा ।
(iv) शेरशाह का मकबरा सल्तनत काल और मुगल काल की वास्तुकला के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाता है ।
(v) बिहार में मुस्लिम उपासना स्थल निर्माण का प्रथम उदाहरण बेगुहजाम मस्जिद है ।

उत्तर–
(i) गलत है । सही है कि 'नागर शैली' प्रचलित थी ।
(ii) गलत है । सही है कि 'उड़ीसा' में है ।
(iii) गलत है । सही है कि 'शाहजहाँ' के शासन काल में ।
(iv) सही है ।
(v) गलत है । सही है कि मनेर का दरगाह प्रथम उदाहरण है ।